मसूरी के जार्ज एवरेस्ट में मंगलवार को हिमालय दर्शन हेली सेवा के मद्देनजर हेलीकॉप्टर की सफल लैंडिंग हुई। • हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान 28/9/2022

# सुपर-30 के आनंद देंगे सफलता के टिप्स

**दून विवि**

- ओरिएंटेशन प्रोग्राम में 29 को होगा
- आनंद कुमार के नाम बन चुकी है फिल्म

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। दून विवि में इस सत्र में एडमिशन लेने वाले ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए 29 सितंबर को ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन होगा। इसमें सुपर-30 नाम से गरीब छात्रों को निशुल्क कोचिंग प्रदान करने वाले आनंद कुमार मुख्य वक्ता होंगे। कुछ वर्ष पहले आनंद कुमार के जीवन के ऊपर सुपर- 30 नाम से एक फिल्म भी बन चुकी है, जिसमें प्रख्यात अभिनेता रितिक रोशन ने आनंद कुमार की भूमिका पर्दे पर निभाई थी।

दून विवि की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने बताया कि अलग-अलग विभागों में सत्र आरंभ होने से पहले छोटे स्तर पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम करवाया गया था, लेकिन 29 सितंबर को सभी विद्यार्थियों का एक साथ भव्य ओरिएंटेशन प्रोग्राम करवाया जा रहा है, जिसमें उन्हें संबंधित विषयों एवं विभिन्न अकादमिक क्रियाकलापों, क्रेडिट सिस्टम और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह है, क्योंकि आज के युवा राजनेताओं की अपेक्षा अकादमिक लीडर्स को प्राथमिकता देते हैं। जिन्होंने अपने दम पर व्यवस्था परिवर्तन का काम करके लोगों की जिंदगी में सार्थक अंतर लाने का काम किया है।